## खबर संक्षेप

### जलभराव की स्थिति की सांसद करेंगे समीक्षा

**चरखी दादरी।** लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह जिला में भारी बारिश के कारण विभिन्न स्थानों पर उत्पन्न हुई जलभराव की स्थिति की बैठक में समीक्षा करेंगे। इसके लिए उपायुक्त डा मुनीष नागपाल ने जिला के एसडीएम, सीईओ जिला परिषद, डीएमसी, जन स्वास्थ्य, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग व बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता, कार्यकारी अभियंता, पंचायती रात, मार्केट बोर्ड व माइनिंग विभाग के अधिकारियों को बैठक में उपायुक्त रहने के आदेश जारी किए हैं। बैठक वीरवार को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी।

### विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य प्रो. त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में भौतिकी विभाग में डॉ. नवनीत सिंह की समन्वयता में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रत्येक टीम में तीन छात्राएं थी। प्रो. अजीत कुमार, प्रो. अंजू व प्रो. मुकेश कुमार ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. भीष्म नारायण, प्रो. शर्मिला, प्रो. प्रेमलता, प्रो. अमित कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रथम स्थान पर साक्षी , लगन एवं जया की टीम, द्वितीय स्थान पर तनु, मुस्कान एवं सलोनी की टीम व तृतीय स्थान पर पूजा, भावना एवं चांदनी की टीम रही।

### जजपा कल प्रदर्शन कर डीसी को ज्ञापन सौंपेगी

**बाढड़ा।** जननायक जनता पार्टी के बाढडा और दादरी हल्के के समस्त कार्यकर्ता 12 सितंबर को दादरी के विश्राम गृह में एकत्रित होकर बाढ़ पीड़ित किसानों की समस्याओं को लेकर व जनहित के मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगें तथा उसके बाद वादरी उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगें। ये जानकारी मिडिया प्रभारी राजेंद्र हूई ने दी। उन्होंने बताया कि बरसाती पानी से बाजरा, गेहूं और कपास की फैसलें बर्बाद हो गई। किसानों को उनकी फसल का उचित मुआवजा मिले, इस बात को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे।

### लिंगानुपात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**बहल।** जिला सिविल सर्जन के आदेशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झुंपा कलां के सब स्वास्थ्य केंद्र मतानी में लिंगानुपात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई एसएमओ डॉ. नरेश अरोड़ा ने की। कार्यक्रम के तहत बीईई सुरेंद्र कुमार की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता भी रैली निकाली। रैली के दौरान ग्रामीणों को बेटियों के महत्व को दर्शाते हुए नारे लगाए गए। लिंगानुपात सुधार के लिए जागरूक किया। मौके पर ब्लॉक आशा कॉर्डिनेटर नरेन्द्र आर्य सिंघानी, पवन कुमार,नर्सिंग स्टाफ प्रियंका, स्कूल स्टाफ तथा आशा वर्कर और आंगनवाड़ी वर्कर मौजूद रहीं।

## नगर पालिका कर्मचारी संघ ने विधायक को सौंपा मांगपत्र

# विभिन्न मांगों को लेकर सफाई कर्मी मुखर

*अब भी सफाई कर्मचारियों की मांगों को अनसुना किया तो 26 को उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन व सीएम आवास का होगा घेराव : दानव*

*ठेका प्रथा को समाप्त, रिक्त पदों पर पक्की भर्ती और वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी एक बार फिर से मुखर हो गए हैं। नगरपालिका कर्मचारी संघ ने 10 व 11 सितंबर को दो दिवसीय प्रदर्शन व सरकार के नाम विधायकों को ज्ञापन सौंपने का ऐलान किया था। इसी कड़ी में दो दिवसीय प्रदर्शन के पहले दिन बुधवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव के नेतृत्व में भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ के माध्यम से प्रदेश सरकार के नाम मांगपत्र सौंपा तथा संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को अनसुना किया जाता है तो वे 26 सितंबर को सभी जिला उपायुक्तों के कार्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे और इसके बाद मुख्यमंत्री के आवास का घेराव भी करेंगे, जिसमें हड़ताल जैसे कठोर कदम भी उठाए जा सकते हैं।

सफाई कर्मचारियों की मांगों के बारे में बताते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने कहा कि उनकी मुख्य मांगों में ठेका प्रथा को समाप्त करना, रिक्त पदों पर पक्की भर्ती करना और वेतन वृद्धि शामिल है। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले 11 वर्षों में एक भी स्थायी सफाई कर्मचारी की भर्ती नहीं की गई है और ठेकेदारों द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है। दानव ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के लिए पर्याप्त उपकरण और सुरक्षा सामग्री नहीं है, जिसके कारण सीवर में दम घुटने से मौतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि लगातार काम करने से कर्मचारी बीमार हो सकते हैं और सरकार को उनके स्वास्थ्य के बारे में भी सोचना चाहिए। उन्होंने कहा सरकार ने ठेका प्रथा खत्म करने का फैसला किया है और कई कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल भी किया है, लेकिन सफाई और सीवर कर्मचारियों को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

उन्होंने कई पुरानी मांगों का भी जिक्र किया है जो अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। इनमें पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा द्वारा 7 अगस्त 2024 को स्वीकृत की गई मांगें शामिल हैं, जैसे कि सफाई और सीवर कर्मचारियों के लिए भर्ती समिति में जिला उपायुक्तों की जगह पालिका/निगम आयुक्तों को चेयरमैन बनाना। गुरुग्राम के 3480 छंटनीग्रस्त कर्मचारियों को बहाल करने और आंदोलन के दौरान सेवा समाप्त किए गए 26 सफाई कर्मचारियों को वेतन सहित बहाल करने की मांग भी शामिल है।

दो दिवसीय प्रदर्शन



भिवानी। मांगों को लेकर शहर में जुलूस निकालते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। मांगों को लेकर विधायक आवास पर मांगपत्र सौंपते हुए।

### खास बातें

इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री द्वारा नवंबर 2024 में भगवान वाल्मीकि जयंती पर घोषित 26 हजार-27 हजार रुपये के वेतन को लागू करने की भी अपील की है। उनका कहना है कि 11 जून 2025 को मुख्यमंत्री ने संत कबीर दास जयंती पर 2100 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की, लेकिन इसका लाभ केवल पालिका रोल के कर्मचारियों को मिला, जबकि ठेके पर काम करने वाले, दैनिक वेतन भोगी और अन्य ग्रामीण कर्मचारी इससे वंचित रह गए। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने भी अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई है। उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल 2025 को आबकारी एवं कराधान मंत्री के साथ हुई बैठक के बाद हरियाणा अग्निशमन सेवा विभाग के निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें मंत्री को भेज दी हैं, लेकिन अभी तक एक भी मांग का समाधान नहीं किया गया है। कर्मचारियों के वेतन में 2022 से कोई वृद्धि नहीं हुई है और उन्हें समान काम समान वेतन भी नहीं मिल रहा है। इस अवसर पर इकाई प्रधान जयहिंद, भारत, रवि, मालती, बाला, मनीषा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## लोहारू में हनीट्रैप का मामला

# 82 साल के बुजुर्ग को झांसे में फंसा 40 लाख रुपये हड़पे

■ पुलिस ने महिला सहित पांच दोषियों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

लोहारू शहर में 82 वर्षीय बुजुर्ग को मोबाइल बातें कर और बाद में घर में रोजगार मांगने के नाम पर महिला और उसके पांच सहयोगियों ने हनी ट्रैप में फंसाकर करीब 40 लाख हड़प लिए। लोहारू पुलिस ने एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पांचों लोगों को न्यायालय में पेश किया जहां चारों लोगों को पांच दिन के व महिला को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर है। लोहारू के पुलिस थाना प्रभारी जरनैल सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले लोहारू शहर के करीब 82 वर्षीय बुजुर्ग लिखित शिकायत दी कि एक महिला उसके घर पर काम मांगने के लिए आई थी और बाद में प्रसाद के लड्डु में नशीला पदार्थ खिलाकर आपत्तिजनक वीडियो व फोटो बना ली।

इसके बाद महिला और उसके साथ मिलकर पांच लोगों ने साजिश के तहत जाल में फंसा लिया और ये वीडियो व फोटो वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल करने लगे। यहीं नही उक्त आरोपियों ने उससे दो लाख रुपये नकद और करीब 38 लाख रुपये की राशि चैक के माध्यम से बैंक से निकलवा ली।

### डेढ़ माह बाद की शिकायत

*यहीं नही पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसे परेशान कर रहे थे तथा घटना के करीब डेढ़ महीने बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत लोहारू पुलिस थाने में दी। पुलिस ने जांच कर सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए बीते दिवस एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी जरनैल सिंह ने बताया कि पांचों आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया तथा महिला आरोपी को तीन दिन के तथा चार पुरुष आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर हिरासत में लिया गया। रिमांड के दौरान मामले की कड़ी से कड़ी जोड़कर जांच की जाएगी तथा इस मामले में जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।*

## सीएमओ रघुवीर शांडिल्य ने सागवान में स्वास्थ्य सेवाओं का किया निरीक्षण

■ विशेष स्वास्थ्य अभियान चलाया

**तोशाम।** सरकार द्वारा जारी निर्देशों की पालना करते हुए डीसी साहिल गुप्ता के आदेश पर एसडीएम रवि मीणा के कुशल मार्गदर्शन में गांव सागवान में बाढ़ के कारण हुए जल भराव की स्थिति को देखते हुए सीएमओ रघुवीर सिंह शाडिल्य की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज बुधवार को विशेष स्वास्थ्य अभियान चलाया गया। जिला चिकित्सा अधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि पानी को उबाल कर पीए और खाने बनाने में इस्तेमाल करें। चिकित्सा अधिकारी, तोशाम किशोर ने स्वास्थ्य टीम के साथ घर-घर जाकर ग्रामीणों से उनकी समस्याएँ पूछी गई और मरीजों की स्वास्थ्य जांच करके आवश्यक दवाइयाँ वितरित की तथा उन्हें बेहतर घरेलू उपचार के लिए परामर्श भी दिया। जो लोग अस्पताल आने में असमर्थ थे, उन्हें स्वास्थ्य टीम ने गांव में ही घर-घर जाकर दवाइयाँ उपलब्ध करवाई और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। लोगों को जागरूक करते हुए विशेष जानकारी भी साझा की गई।

## व्हाट्सएप पर रिश्तेदार बनाकर 95 हजार डलवाने का आरोपी गिरफ्तार

आरोपी की पहचान विजय निवासी अलवर के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

थाना साइबर क्राइम पुलिस भिवानी ने रिश्तेदार बनाकर व्हाट्सएप पर धोखाधड़ी से 95,000 रुपये डलवाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिलबाग निवासी भिवानी ने थाना साईबर क्राईम पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 11 जून को शाम के समय उनके मोबाइल नंबर पर एक व्हाट्सएप मैसेज आया था । जो व्हाट्सएप मैसेज करने वाले नहीं उनके रिश्तेदार की फोटो लगाकर बताया कि उनका एक्सीडेंट हो गया है और अलग-अलग ट्रांजेक्शन करके कुल स्केनर के द्वारा 95,000 रुपए ट्रांसफर करवाए गए थे इसके बाद और रुपए की डिमांड करने पर जब शिकायतकर्ता ने व्हाट्सएप पर वॉइस कॉल से संपर्क करना चाहा तो आरोपी ने कॉल का जवाब नहीं दिया था जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना साइबर क्राइम भिवानी में दर्ज किया था। थाना साईबर क्राइम भिवानी की महिला मुख्य सिपाही सोनिया ने व्हाट्सएप पर रिश्तेदार बनाकर स्कैनर से धोखाधड़ी से 95,000 डलवाने के मामले में एक आरोपी को जिला अलवर राजस्थान से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विजय पुत्र जीतू निवासी गुरु गोविंद सिंह कॉलोनी जिला अलवर राजस्थान के रूप में हुई है।

### कार्यक्रम को लेकर रणनीति तय



**भिवानी।** भाजपा जिला खेल प्रकोष्ठ की बैठक जिला कार्यालय भिवानी में आज जिला संयोजक रणबीर कोच की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा खेल प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश धनखड़ का विशेष सानिध्य रहा। राजेश धनखड़ ने कहा कि 17 सितंबर प्रधानमंत्री के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा, इसके तहत भाजपा खेल प्रकोष्ठ है खेल प्रतियोगिता तथा स्वक्षता अभियान के अलावा कई कार्यक्रम करेगा। इस अवसर पर खेल प्रकोष्ठ पूर्व संयोजक विजेंद्र हेतमपुर, बड़सी मंडल संयोजक अक्षय अलकपुरा रामोतार कारक मंडल संयोजक जिला सहसंयोजक विकास पाराशर, इमरान , महेंद्र ईशरवाल मंडल संयोजक, तोशाम मंडल संयोजक राजेश खरकड़ी, ज्ञानेंद्र छोक्कर, आदि उपस्थित रहे

### एसएसल स्कूल में जादू शो



**भिवानी।** जुई स्थित एसएल इंटरनेशनल स्कूल में ज़िला बाल कल्याण परिषद् की सहायता से एक मनोरंजक जादू शो का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुआ।इस जादू शो का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का मनोरंजन करना और समाज में व्याप्त अंधविश्वासों को दूर करना था। कार्यक्रम के दौरान जादूगर ने विभिन्न रोचक प्रस्तुतियों से बच्चों को मनोरंजित किया और साथ ही यह भी समझाया कि जादू केवल एक कला है, इसे किसी अलौकिक शक्ति से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस शो का भरपूर आनंद उठाया और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागी बने। विद्यालय परिवार ने ज़िला बाल कल्याण परिषद् का आभार व्यक्त किया।

## अधिकारियों को परिसर में स्वच्छता एवं व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

# शिक्षा बोर्ड उपाध्यक्ष ने किया बोर्ड परिसर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने बोर्ड परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का प्रमुख उद्देश्य बोर्ड परिसर में स्वच्छता की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना और परिसर में फैली हुई अव्यवस्था को दुरस्त करने के बारे में दिशा-निर्देश जारी करना था।

निरीक्षण के दौरान, बोर्ड उपाध्यक्ष को परिसर में जगह-जगह पर टूटे हुए पेड़ और निर्माण कार्य से सम्बन्धित अनावश्यक मलबा गिरा हुआ मिला। इसके अतिरिक्त कई जगह पर कूड़े-कचरे के ढ़ेर भी मिले। उन्होंने बोर्ड में सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नियुक्त अधिकारी को तुरन्त तलब किया और परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और कूड़े-कचरे व निर्माण कार्य से सम्बन्धित अनावश्यक मलबे को तुरंत हटाने के निर्देश दिए।

### बागवानी अधिकारी को बुलाकर गिरे पेड़ों को उठवाने के आदेश दिए



**भिवानी।** बोर्ड परिसर में जमा पानी की निकासी के निर्देश देते हुए।

उन्होंने बोर्ड कार्यालय के बागवानी अधिकारी को मौके पर बुलाकर विभिन्न स्थानों पर गिरे हुए पेड़ों को उठवाने के आदेश दिए। उन्होंने अनावश्यक घास की सफाई करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया कि पार्क और खुले स्थानों पर वर्षा का जल जमा हो गया है। इस पर तुरन्त संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने आगे बोर्ड की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया और बोर्ड परिसर की जर्जर चारदीवारी की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। आवासीय परिसर में रहने वाले कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सतीश शाहपुर ने टूटी-फूटी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करने के भी आदेश दिए। उपाध्यक्ष ने इन सभी कार्यों को एक तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के सख्त आदेश दिए और जोर देकर कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बोर्ड के आगन्तुकों और कर्मचारियों के लिए अत्यंत आवश्यक है।






**डॉक्टर्स सजेशन**



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब ना लगे भूख हमेशा फील हो थकान



**मेरी उम्र 29 वर्ष है। कुछ दिनों से किसी काम में मन नहीं लगता, हमेशा थकान फील करता हूं। भूख भी नहीं लगती। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-अंकित, रायपुर**

सबसे पहले आप अपना ब्लड टेस्ट कराएं। कई बार खून की कमी की वजह से इस तरह की परेशानी देखी जाती है। अगर वह नॉर्मल है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि भूख नहीं लग रही और कमजोरी भी लग रही है। इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं। बगैर जांच कराए, कारण जाने कुछ भी सुझाव देना ठीक नहीं होगा।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। कुछ समय पहले मुझे चिकनगुनिया हुआ था। ईलाज के बाद भी मुझे कमजोरी महसूस होती है, बोंस में दर्द होता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सर्वेश, बिलासपुर**

चिकनगुनिया ठीक होने के बाद कुछ लोगों में जल्दी दर्द ठीक हो जाता है लेकिन कुछ को लंबे समय तक हड्डियों में दर्द बना रहता है। इसके लिए आपको अपनी डाइट पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रॉपर डाइट लेने से ही सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स मिलेंगे और दर्द में राहत मिलेगी। फिलहाल परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। अकसर मेरे हाथ-पैरों में सूजन हो जाती है। कभी-कभी तो चेहरा भी सूजा हुआ लगता है। फिर अपने-आप ही ठीक हो जाता है। क्या ये किसी बीमारी के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुशील, रोहतक**

आपको डायबिटीज की प्रॉब्लम तो नहीं है? यह आपने चेक कराया है या नहीं, क्योंकि कई बार शुगर बढ़ने पर इस तरह की समस्या देखी जाती है, इसलिए बगैर देर किए पहले आप शुगर की जांच कराएं। अगर जांच रिपोर्ट नॉर्मल है तो आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए, वो कुछ जांच कराएंगे, जिससे स्वेलिंग का कारण पता चलेगा। उसके बाद ही ट्रीटमेंट हो सकेगा।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से रह-रहकर मेरे सिर में दर्द होने लगता है। कभी माथे पर कभी आधे सिर मे तो कभी पूरे सिर में। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-विकास, भोपाल**

कई बार यह दर्द गैस की वजह से भी होता है, लेकिन इस समय युवाओं में माइग्रेन भी सिर दर्द की एक वजह बन रही है। इसलिए आप इस बात पर गौर करें कि सिर दर्द कब शुरू होता है? मसलन भूख लगने पर, धूप निकलने पर या अन्य कोई खास वजह से। अगर उन वजहों से बच सकें तो बेहतर है। ऐसा नहीं हो पा रहा तो जरूर आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वह वजह जानकर इलाज करेंगे।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बारिश के मौसम में मुझे अकसर जुकाम और खांसी होने लगती है। इससे बचाव के लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?**

**-चंद्रकांत, जबलपुर**

बारिश के मौसम में इस तरह की समस्याएं कई लोगों में देखी जाती हैं। जब मौसम चेंज होता है तो सर्दी-जुकाम हो जाता है। इससे बचने के लिए आपको अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ानी होगी। विटामिन सी वाले यानी खट्टे फल अधिक खाने चाहिए। साथ ही ध्यान रखें कि इस मौसम में फ्रिज में रखी हुई कोई भी ठंडी चीज ना खाएं। ठंडी चीजें भी सर्दी-जुकाम की वजह बन सकती हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

**डॉक्टर्स एडवाइस**




डॉ. सोनिया लाल गुप्ता
सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट
डायरेक्टर-मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स
दिल्ली-एनसीआर

वर्टिगो की समस्या के बारे में लोग कम ही जानते हैं, इसलिए इसके लक्षणों को अकसर इग्नोर करते रहते हैं। लेकिन ऐसा करना सीरियस कंडीशन पैदा कर सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप इसके कारणों, लक्षणों, परीक्षण, उपचार और इससे उत्पन्न होने वाली जटिलताओं के बारे में जान लें। यहां बता रहे हैं डिटेल में।

# वर्टिगोः सही नहीं इग्नोर करना





वर्टिगो अंग्रेजी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है सिर चकराना। वर्टिगो शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'वर्टो' से हुई है, जिसका आशय है-घूमना। वस्तुतः वर्टिगो एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को ऐसा महसूस होता है कि उसके या फिर उसके आस-पास की वस्तुएं घूम रही हैं। आमतौर पर वर्टिगो की समस्या में व्यक्ति को चक्कर आते हैं, लेकिन यह सिर्फ चक्कर आने से ज्यादा है और किसी बीमारी के बजाय कई शारीरिक समस्याओं का लक्षण भी हो सकता है क्योंकि चक्कर आने के अनेक कारण हो सकते हैं।

वैसे वर्टिगो की समस्या में चक्कर आने का एक प्रमुख कारण कान के आंतरिक भाग में किसी समस्या की मौजूदगी है। जैसे मेनिएर्स रोग कान के आंतरिक भाग से संबंधित है, जो चक्कर आना (वर्टिगो), कानों में विशेष ध्वनि (टिनिटस) की समस्या, सुनने की क्षमता में कमी और कान में दबाव की समस्या जैसे लक्षणों का कारण बन सकता है।

## वर्टिगो के प्रकार

वर्टिगो दो प्रकार का हो सकता है।

**पेरिफेरल वर्टिगोः** यह वर्टिगो का सबसे आम प्रकार है। जब कान के अंदरूनी भाग, विशेषकर वेस्टिबुलर नर्व या तंत्रिका में किसी तरह की समस्या होती है, तब व्यक्ति को पेरिफेरल वर्टिगो का सामना करना पड़ता है। वेस्टिबुलर नर्व शरीर को संतुलित बनाए रखने का काम करती है।

**सेंट्रल वर्टिगोः** मस्तिष्क में किसी भी तरह की समस्या जैसे स्ट्रोक, ब्रेन ट्यूमर, सिर पर गंभीर चोट लगना, माइग्रेन, इंफेक्शन आदि से भी सेंट्रल वर्टिगो की समस्या संभव है।

## इन लक्षणों पर रखें नजर

**चक्कर आनाः** चक्कर आना वर्टिगो का सबसे प्रमुख लक्षण है। इसके साथ ही अन्य लक्षण भी सामने आ सकते हैं।



**टिनिटसः** टिनिटस का मतलब है कानों में ध्वनि की एक विशेष अनुभूति, जिसका कोई बाहरी स्रोत नहीं होता। टिनिटस में, व्यक्ति को ऐसी आवाजें सुनाई देती हैं, जिन्हें कोई और नहीं सुन सकता। ये आवाजें बजने, क्लिक करने, गुनगुनाने या भागने से संबंधित ध्वनियों की हो सकती हैं।

- एक या दोनों कानों से सुनाई न देना।
- शरीर का संतुलन बिगड़ना।
- बार-बार जी मिचलाना।
- सिरदर्द होना या सिर में भारीपन।
- मितली या वॉमिट होना।
- दृष्टि का धुंधलापन।
- आंखों के आगे अंधेरा छा जाना।
- तेज आवाज से सिरदर्द।
- गिरने का अहसास होते रहना।
- ज्यादा पसीना आना।
- ऐसा महसूस होना कि आप हिल रहे हैं जबकि आप वास्तव में हिल नहीं रहे।

उपरोक्त लक्षण कुछ सेकेंड से लेकर कुछ मिनट तक और कई घंटे तक बने रह सकते हैं।

## वर्टिगो के कारण

कान के आंतरिक भाग की समस्याएं वर्टिगो का प्रमुख कारण बनती हैं। अन्य कारणों में सिर हिलाने-डुलाने पर चक्कर आना, जिसे मेडिकल शब्दावली में बेनाइन पैरॉक्सिस्मल पोजिशनल वर्टिगो (बीपीपीवी), लैबीरिन्थाइटिस और मेनिएर्स डिजीज सरीखी समस्याएं खासतौर पर शुमार की जाती हैं। इसके अलावा माइग्रेन, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, सिर की चोट, निम्न रक्तचाप (लो ब्लड प्रेशर), उच्च रक्तचाप, दिल की धड़कन का अनियमित होना, कम रक्त शर्करा (हाइपोग्लाइसीमिया) आदि समस्याएं वर्टिगो का कारण बन सकती हैं।

वर्टिगो के कारण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं। महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान शरीर में रक्त की कमी (एनीमिया) होना भी वर्टिगो का कारण बन सकता है। इसी तरह बुजुर्गों में उच्च रक्तचाप वर्टिगो का कारण बन सकता है।

## वर्टिगो के लिए टेस्ट

**वेस्टिबुलर टेस्ट बैटरीः** इस जांच से यह निर्धारित करने में मदद मिलती है कि मरीज के लक्षण आंतरिक कान की समस्या या मस्तिष्क की समस्या से संबंधित हैं या नहीं।

**इमेजिंग परीक्षणः** इसके अंतर्गत सीटी स्कैन और एमआरआई जांचें कराई जाती हैं।

## उपचार की विधियां

वर्टिगो का उपचार लक्षणों के आधार पर किया जाता है। इसके अलावा विभिन्न मरीजों को किन कारणों से चक्कर आ रहे हैं, उनका पता लगाकर मरीज के बुनियादी रोग का इलाज किया जाता है। मरीज अगर कान के आंतरिक भाग की समस्या से पीड़ित है, तो उसका इलाज किया जाता है। यदि उसे किसी संक्रमण, माइग्रेन या अन्य स्थिति के कारण चक्कर आ रहा है, तो उसका उपचार किया जाता है।

**दवाएंः** चक्कर आना, जी मिचलाना या उल्टी होने की स्थिति में डॉक्टर के परामर्श से दवाएं ली जा सकती हैं। डॉक्टर मरीज की स्थिति के अनुरूप एंटीवर्टीजिनस ड्रग्स का परामर्श देते हैं। डॉक्टर के परामर्श के बगैर ओवर द काउंटर दवाएं कभी भी नहीं लें।



**कैनालिथ रिपोजिशनिंग प्रक्रियाः** इसे 'इप्ले मैन्युवर' के नाम से भी जाना जाता है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत आंतरिक कान में कैनालिथ (कैल्शियम क्रिस्टल) को पुनः स्थापित करने के लिए व्यायाम कराए जाते हैं। 'इप्ले मैन्युवर' की सफलता दर अत्यंत संतोषजनक है, जो वर्टिगो से राहत दिलाने में मददगार है।

**सर्जरीः** यदि उपचार की अन्य विधियां वर्टिगो से राहत दिलाने में विफल रहती हैं, तो ऐसे मामलों में सर्जरी का सहारा लिया जाता है। जैसे अगर ब्रेन ट्यूमर या सिर में चोट लगने के कारण वर्टिगो की समस्या है, तो इस स्थिति में विशेषज्ञ डॉक्टर मरीज को सर्जरी की सलाह दे सकते हैं।

**विशेष व्यायामः** शारीरिक संतुलन से संबंधित विशेष व्यायाम आपके मस्तिष्क को असंतुलन से निपटने में मदद करते हैं। कुछ एक्सरसाइज शरीर का संतुलन बनाने में सहायक हैं। डॉक्टर के परामर्श से ऐसे व्यायाम करवाए जाते हैं।


## जटिलताओं से बचे रहें

वर्टिगो की समस्या अचानक गिरने जैसी जटिलताओं को उत्पन्न कर सकती है। इसके परिणामस्वरूप मरीजों, खासकर बुजुर्गों में हड्डी टूटने (बोन फ्रैक्चर) या फिर चोट लगने का खतरा कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए वर्टिगो से ग्रस्त मरीजों को वाहन चलाने से बचना चाहिए। उन्हें तैराकी भी नहीं करनी चाहिए। ऐसे लोगों को वॉशरूम या बाथरूम का दरवाजा भीतर से बंद नहीं करना चाहिए। वस्तुतः वर्टिगो की समस्या के प्रति सजग रहने की जरूरत है। यह ऐसी समस्या नहीं है, जिसका पूरी तरह इलाज न हो। समय रहते न्यूरोलॉजिस्ट से परामर्श लेने पर वर्टिगो की जटिलताओं से बचा जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### ऐसा करने से मिलेगी राहत

- चक्कर आते ही बैठ जाना।
- सहारे के लिए तकिए पर सिर ऊंचा करके सोना।
- वर्टिगो का एहसास होने पर अंधेरी जगह में लेट जाना या लाइट बंद कर देना।
- पर्याप्त मात्रा में नींद लेना।
- तनाव का प्रबंधन करना, जिससे वर्टिगो के लक्षण भी कम हो सकते हैं।
- अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहना यानी पर्याप्त मात्रा में पानी व तरल पदार्थ पीना।
- शराब के सेवन से चक्कर आना, संतुलन की कमी और मतली की समस्या और भी बदतर हो सकती है। इसलिए इससे दूर रहना बेहतर है।



**अवेयरनेस**

डॉ. माजिद अलीम

अचानक किसी को चोट लग जाए, किसी को हार्ट अटैक पड़ जाए या फिर कोई बेहोश हो जाए तो ऐसी इमरजेंसी में उसे फर्स्ट एड की सख्त जरूरत होती है। ऐसी कंडीशन में फर्स्ट एड पेशेंट की जान भी बचा सकती है। वर्ल्ड फर्स्ट एड डे (13 सितंबर) के अवसर पर हम दे रहे हैं, इससे जुड़ी जानकारी।

# हर किसी के लिए जरूरी फर्स्ट एड की जानकारी




आपको शायद ज्ञात न हो कि अगर किसी व्यक्ति की किसी भी वजह से धमनी कट जाए और खून तेजी से निकलने लगे, तो 5 से 10 मिनट के भीतर उसकी मौत हो सकती है और इतनी जल्दी तो अमूमन कोई डॉक्टरी सुविधा उपलब्ध हो नहीं सकती। इसलिए ऐसे मौके पर इंसान की जान बचाने के काम स्वास्थ्य की प्राथमिक जानकारी यानी फर्स्ट एड की समझ ही काम आती है। फर्स्ट एड के तहत ऐसे किसी की धमनी के कट जाने पर दबाव डालकर तुरंत खून रोका जाता है और तब तक कटी हुई जगह को दबाव के साथ पकड़े रखा जाता है, जब तक कि उसमें कोई कपड़ा आदि न बांध दिया जाए ताकि पीड़ित व्यक्ति की जान बच जाए। यही नहीं आंकड़े बताते हैं कि हर साल 12 से 14 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मौत का शिकार होते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इन लोगों को मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य यानी फर्स्ट एड हासिल हो जाए तो इनमें से 3 से 4 लाख लोगों को मरने से बचाया जा सकता है। इन दो उदाहरणों से स्पष्ट है कि फ़र्स्ट एड भले चिकित्सा न हो, लेकिन चिकित्सा के पहले यह दी गई प्राथमिक चिकित्सा इतनी महत्वपूर्ण होती है कि हर साल इसके चलते जहां लाखों लोगों को मौत के मुंह में समाने से बचाया जाता है, वहीं लाखों लोगों को इसके अभाव के चलते मौत के मुंह में चले जाने से नहीं बचाया जा पाता है।

## बहुत इंपॉर्टेंट है फर्स्ट एड

यहां दिए गए आंकड़ों से पता चलता है कि दुनिया में इंसानी स्वास्थ्य के लिए प्राथमिक चिकित्सा यानी फर्स्ट एड का कितना महत्व है? इसके इसी महत्व को ध्यान में रखकर हर साल सितंबर माह के दूसरे शनिवार को इंटरनेशनल फर्स्ट एड डे मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि दुनिया के हर व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य की जानकारी होना चाहिए, जिससे हर साल न सिर्फ लाखों लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा उपलब्ध कराकर मरने से बचाया जा सके बल्कि इस ज्ञान के जरिए लोगों के जीवन को ज्यादा स्वस्थ और ज्यादा बेहतर बनाया जा सकता है।

कई लोग मानते हैं या उन्हें भ्रम होता है कि प्राथमिक चिकित्सा या फर्स्ट एड डॉक्टरों और नर्सों के द्वारा किया जाता है। डॉक्टर और नर्स तो चिकित्सा उपचार के बारे में जानते ही हैं। इसलिए प्राथमिक उपचार के छोटे-मोटे काम उनके पास गए बिना भी कर सकते हैं। प्राथमिक उपचार की समझ या जानकारी तो आम लोगों के लिए होती है कि जब अचानक कोई हेल्थ इमरजेंसी आ जाए और हमारे आस-पास स्वास्थ्य देखरेख की सुविधा न हो तो जब तक हम ऐसी जगह पर पहुंचें, जहां चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो, उसके पहले चिकित्सा सुविधा वाली जगह तक सुरक्षित पहुंच जाने के लिए प्राथमिक उपचार का महत्व होता है और इसका व्यापक संदर्भों में समाज को तब फायदा मिलता है, जब हर व्यक्ति को प्राथमिक उपचार की समझ हो और किसी दुर्घटना के समय वह प्राथमिक जानकारी काम आए। खुद की या किसी दूसरे की इस जानकारी की बदौलत जान बचाई जाए। क्योंकि दुर्घटना ज़िंदगी के किसी भी पल, किसी भी जगह हो सकती है। घर में, स्कूल में, सड़क में, कार्यस्थल में या किसी मंच सभागार में कहीं भी अचानक हेल्थ इमरजेंसी किसी को भी हो सकती है।

## कभी भी आ सकती है हेल्थ इमरजेंसी



रोजमर्रा की जिंदगी में गिरना, जलना, दम घुटना, सड़क दुर्घटना, अचानक स्ट्रोक या हार्ट अटैक जैसी घटनाएं इतनी अचानक घटती हैं कि अगर तुरंत प्राथमिक चिकित्सा न मिले तो कई बार देखते ही देखते लोग दम तोड़ देते हैं। फर्स्ट एड भले मामूली प्राथमिक चिकित्सा हो, लेकिन किसी व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने से पहले यह इतनी कीमती और महत्वपूर्ण चिकित्सा होती है कि अस्पताल तक पहुंचने के पहले गंभीर से गंभीर स्थिति में भी जान बचाने के चांस होते हैं। अगर हम सीपीआर देना, बहते खून को रोकना, बेहोश व्यक्ति को रिकवरी पोजीशन में रखना जैसी मूलभूत चिकित्सा संबंधी जानकारियां हासिल कर लें और दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के चिकित्सक तक पहुंचने के पहले अगर उसे दे दी जाएं, तो उसकी तत्काल मौत पर विराम लग जाएगा। कई बार घरों में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं ही होती हैं, उस समय यदि कोई हेल्थ इमरजेंसी आ जाए तो फर्स्ट एड की इतनी समझ हमें होनी चाहिए कि डॉक्टर के पास तक पहुंचते-पहुंचते उस इमरजेंसी को टाला जा सके। जब हमारे घर या दफ्तर में किसी सहयोगी को अचानक चोट लग जाती है तो इर्द-गिर्द मौजूद ज्यादातर लोग एकदम से घबरा जाते हैं। क्योंकि ज्यादातर लोगों को फर्स्ट एड का ध्यान नहीं आता और ध्यान आ भी जाए तो ज्यादातर लोगों को इसका अभ्यास नहीं होता।

## बचा सकते हैं किसी की जान

किसी दुर्घटना के समय खतरे की आशंकाएं काफी ज्यादा बढ़ जाती है। रोजमर्रा के जीवन में हम कई बार ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद होते हैं, जहां अचानक हम या कोई और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी में आ जाता है। ऐसे पलों में जान बचने की गारंटी तभी होती है, जब मौके पर तुरंत प्राथमिक चिकित्सा मिल जाए। कई बार प्राथमिक चिकित्सा सिर्फ किसी को इंजेक्शन देना या दवा खा लेना भर नहीं होता बल्कि घायल व्यक्ति को कई बार मनोवैज्ञानिक रूप से दी गई यह दिलासा भी महत्वपूर्ण होती है कि आपको कुछ नहीं होगा। ऐसे भावनात्मक सहारे भी गंभीर स्वास्थ्य समस्या के समय काम आते हैं। अगर हर व्यक्ति बेसिक फर्स्ट एड की जानकारी ले ले, तो हर साल लाखों लोगों को आकस्मिक मौत से तो बचाया ही जा सकता है, बहुत बड़ी धनराशि भी बर्बाद होने से बचाई जा सकती है। फर्स्ट एड की अच्छी जानकारी होने से हम अपना या दूसरों का जीवन तो बचा ही सकते हैं, इस जानकारी की बदौलत अपने जीवन की स्वास्थ्य संबंधी गुणवत्ता को भी इसके जरिए बचाया रखा जाता है। *

**डाइट एडवाइस**

राजकुमार 'दिनकर'

अगर आप नॉनवेजिटेरियन हैं तो शरीर की डेली प्रोटीन की जरूरत को पूरा करने के लिए अंडे का सेवन कारगर है। इसमें प्रोटीन के अलावा भी कई ऐसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो आपको हेल्दी रखने में हेल्पफुल होते हैं। अंडे खाने के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानिए।

# डेली डाइट में लें अंडा मिलेगा पर्याप्त प्रोटीन



अंडों में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। अंडा हमें उत्तम श्रेणी के प्रोटीन ही उपलब्ध नहीं कराता बल्कि इसमें 11 प्रकार के विटामिन, खनिज लवण, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं। अपनी इन तमाम खूबियों के कारण ही अंडे को सुपर फूड माना जाता है। हमें अपनी डेली डाइट में इसे क्यों शामिल करना चाहिए और हमारे स्वास्थ्य को इससे क्या-क्या फायदे होते हैं, आइए जान लेते हैं।

**पोषक तत्वों से भरपूरः** अंडे में विटामिन ए, डी, ई, के, बी5, बी12, बी6, फोलेट, फॉस्फोरस, सिलेनियम, जिंक जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाते हैं। त्वचा और मस्तिष्क की सेहत सुधारते हैं। अपनी इतनी सारी खूबियों के कारण उन्हें नेचुरल मल्टीविटामिन भी कहा जाता है। इनसे इतर एक अंडे में लगभग 6 ग्राम प्रोटीन और 5 ग्राम स्वस्थ वसा होती है, जो अंडे को पोषक तत्वों का पावर हाउस साबित करती है।

**लंबे समय तक भूख नहीं लगतीः** अंडे में चूंकि प्रोटीन और वसा मौजूद होती है, इसलिए इसको खाने के बाद लंबे समय तक पेट भरा रहता है। यह सुबह के नाश्ते में खाए जाने योग्य कंप्लीट डाइट है। ये सुपाच्य और स्वादिष्ट भी होते हैं। इसलिए यदि आप अपना वजन कम करना चाहते हैं तो प्रतिदिन अपनी डाइट में इन्हें जरूर शामिल करें। किसी भी रूप में चाहे उबले अंडे या ऑमलेट में नाश्ते के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है, जिसको खाने के बाद लंबे समय तक पेट भरा रहता है, जिससे अनहेल्दी स्नैक्स या स्ट्रीट फूड्स खाने से बचे रहते हैं।

**नजरों के लिए लाभकारीः** हमारी आज की कार्यशैली इस प्रकार की हो गई है कि हमें दिनभर लैपटॉप, मोबाइल फोन, टेलीविजन जैसे गैजेट्स के साथ काम करना पड़ता है, जिनकी वजह से हमारी आंखों की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। अंडे के पीले भाग में मौजूद ल्यूटिन और जेक्सैंथिन ऐसे कई एंटीऑक्सीडेंट्स हैं, जो ग्लूकोमा और सफेद मोतिया से बचाते हैं। विटामिन ए और ओमेगा-3 फैटी एसिड आंखों की मांसपेशियों को मजबूती देते हैं।

**दिल की सेहत करे अच्छीः** अंडों में पाया जाने वाला ओमेगा-3, कोलिन जैसे पोषक तत्व हमारी आंखों, मस्तिष्क, हृदय और तंत्रिका तंत्र के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं और यह हमारे दिल की सेहत के लिए भी अच्छे होते हैं।

**स्किन और बालों के लिए फायदेमंदः** अंडों में मौजूद ल्यूटिन और प्रोटीन त्वचा की नमी को बनाए रखता है, जिससे त्वचा चमकदार और जवां दिखती है। यही बालों को भी घना और स्वस्थ बनाते हैं। अंडे की जर्दी में स्वस्थ वसा होती है, जो बालों को पोषण देती है और बालों की नमी बनाकर रखती हैं, जिससे बाल मजबूत होते हैं और हेयर फॉलिंग भी कम होती है।

**डायबिटिक रोगियों के लिए यूजफुलः** अंडे में कार्बोहाइड्रेट कम होता है, इसलिए यह डायबिटीज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद होता है। इसका ग्लूकोज या इंसुलिन के स्तर पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता। एक अंडे में 6 ग्राम प्रोटीन होता है। यह वजन कंट्रोल रखने, ब्लड प्रेशर कम करने, मांसपेशियों के निर्माण और हड्डियों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। चूंकि इनको खाने के बाद भूख कम लगती है। इससे वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। यह मस्तिष्क के स्वास्थ्य को भी बेहतर करते हैं और मस्तिष्क की मांसपेशियों को मजबूत बनाते हैं। दरअसल, एक छोटे से अंडे में 6 ग्राम प्रोटीन और दूसरे कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी मांसपेशियों की सबसे बड़ी जरूरत होते हैं और उन्हें भरपूर मजबूती प्रदान करते हैं। *

## खबर संक्षेप



**बवानीखेड़ा।** जिला स्तर पर आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में उपस्थित लोहारी जाटू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम।

### युवा संसद में जाटू विद्यालय द्वितीय रहा

बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा जिला स्तर पर आयोजिन युवा संसद कार्यक्रम में गांव लोहारी जाटू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जिस पर प्राचार्या पुषपा जोशी ने विद्यार्थियों व टीम को शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो की पहले आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि बतौर बवानी खेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि उपस्थित रहे थे और विधायक ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए युवा संसद कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की

### एड्स के कारण व लक्षणों के बारे में बताया

**चरखी दादरी।** महिला महाविद्यालय झोझू कलां में एचआईवी विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें एसएमओ डॉ. टिकाराम ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। उन्होंने छात्राओं को एड्स के कारण, फैलने के तरीके, लक्षण तथा इसके प्रति समाज में प्रचलित भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. मंजेश ने छात्राओं को बताया कि हमें समय-समय पर अपनी जांच करवानी चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ शर्मिला कुमारी ने बताया कि इस व्याख्यान का उद्देश्य छात्राओं को एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना एवं इसके संक्रमण, बचाव तथा उपचार संबंधी जानकारी प्रदान करना है।

### जमीन खरीद-फरोख्त मामले में केस दर्ज

**कनीना।** जमीन की खरीद-फरोख्त मामले में सदर थाना पुलिस ने पूर्व सैनिक की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुढ़ा निवासी कप्तान गंगासिंह ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने 1987 व 1999 में अलग-अलग सात कनाल चार मरला जमीन की खरीद की थी। इसके बाद 2024 में उन्हें मालूम हुआ कि ऑनलाइन रिकॉर्ड में यह जमीन उन्हीं मालिकों के नाम दर्शाई गई है।

# श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिन: वामन अवतार नरसिंह अवतार व समुद्र मंथन की कथा सुनाई

*आध्यात्मिक ज्ञान के साथ लोगों को एक-दूसरे से जोड़ते है धार्मिक आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

कीर्ति नगर के मंगेज भवन में इन दिनों संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जो 13 सितंबर तक जारी रहेगा। शिव शक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आयोजित यह कथा समाज में धर्म के प्रति आस्था को बढ़ावा देने और लोगों को सही मार्ग पर प्रेरित करने के उद्देश्य से की जा रही है। ट्रस्ट के प्रधान प्रदीप कुमार (सोनू) और आयोजक चंदा गुप्ता ने बताया कि कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रसिद्ध कथावाचक पंडित ऋषि राम वशिष्ठ द्वारा किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन बुधवार को कथावाचक पंडित ऋषि राम वशिष्ठ ने श्रद्धालुओं को भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों का महत्व समझाया। उन्होंने विशेष रूप से वामन अवतार, नरसिंह अवतार और समुद्र मंथन की कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। वामन अवतार की कथा का करते हुए कथावाचक पंडित ऋषि राम वशिष्ठ ने बताया कि किस तरह भगवान विष्णु ने एक छोटे बौने (वामन) का रूप धारण कर दानवीर राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। इस कथा के माध्यम से उन्होंने दान के महत्व और अहंकार के पतन का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजन ना केवल लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान देते है, बल्कि उन्हें एक-दूसरे से जुडने का अवसर भी प्रदान करते है। इस अवसर पर मनोज कुमार, त्रिलोक मेहता, माया मुदगिल, शशि परमार, रामअवतार पाराशर, आज्ञावन्ति, मंजीत प्रजापत, सतीश सांवरिया, आज्ञावंती, मंजीत तंवर, सुनीता तंवर, बिमला परमार, कमलेश, सुदेश दलाल, नीमा देवी, संजय शास्त्री, राजेश गुप्ता, सुरेश शर्मा, सूबेदार नाहर सिंह, अंजू सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।


**भिवानी।** आयोजित श्रीमद भागवत कथा के दौरान कथा वाचन करते हुए।

**श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए**

भगवान नरसिंह के अवतार की रोमांचक कथा सुनाते हुए कथावाचक ने बताया कि किस प्रकार भगवान ने अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए आधे मानव और आधे सिंह का रूप धारण कर क्रूर दैत्य हिरण्यकश्यप का वध किया। इस कथा ने यह दर्शाया कि भगवान अपने सच्चे भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी रूप में प्रकट हो सकते हैं। कथावाचक ने समुद्र मंथन की कथा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जीवन में अमृत पाने से पहले विष का सामना करना पड़ता है और बुराई पर अच्छाई की जीत निश्चित होती है। उन्होंने बताया कि किस तरह भगवान ने हर युग में धर्म की रक्षा के लिए अवतार लिया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।

### लिंगानुपात सुधार के लिए करें बेहतर कार्य

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का समय पर रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें। यदि इस प्रक्रिया में रिपोर्टिंग सही तरीके से नहीं होती है तो संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करते हुए जिला स्तर पर सकारात्मक कदम उठाए जाएं। जिला में लिंगानुपात सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और संबंधित विभाग अपने स्तर पर ट्रेकिंग पर विशेष फोकस रखें।

## किसान सभा का 9वां जिला सम्मेलन आयोजित

# समस्याओं के समाधान और 350 करोड़ बीमा फ्रॉड का समाधान हो

रामफल देशवाल दोबारा जिला प्रधान व मास्टर जगरोशन चुने गए सचिव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी का 9वां त्रिवार्षिक सम्मेलन महम गेट पर बड़ चौक स्थित कामगार भवन में बुधवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल देशवाल ने की तथा मंच का संचालन सभा के जिला सचिव मास्टर जगरोशन व संयुक्त सचिव कविता आर्य ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए किसान सभा के राज्य अध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह ने कहा कि जिले का यह सम्मेलन ऐसी विकट परिस्थितियों में हो रहा है, जब प्राकृतिक आपदा से उतर भारतीय राज्यों का किसान मजदूर भारी बारिश के कारण बाढ़ व जलभराव से संकट में है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उतराखंड, पंजाब व हरियाणा में भंयकर बाढ़ आई हुई है। इस बाढ़ से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है तथा किसान सभा लगातार प्रभावित लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को प्रशासन व सरकार के सामने उठा रही है। अनेक गांव में जान माल मवेशियों की भारी क्षति हुई है। इस मौके पर किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, जिला सचिव मा. जगरोशन ने सरकार से मांग की है कि है कि जिले के सभी गांव में जल भराव की शीघ्र निकासी की जाए, प्रभावित पीड़ित किसानों की बर्बाद फसलों व ध्वस्त मकानों की विशेष गिरदावरी करते हुए एक लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए, ध्वस्त मकानों के लिए न्यायोचित मुआवजा तथा प्रभावित मजदूरों को भी मुआवजा मिले, प्रभावित गांव में 600 रुपये प्रतिदिन दिहाड़ी देकर 200 दिन का काम लगवाया जाए। उन्होंने 350 करोड़ रुपये बीमा फ्राड की न्यायिक जांच करवाते हुए किसानों को ब्याज समेत पैसा मिले, डीएपी यूरिया खाद की किल्लत दूर हो, बिजली निजिकरण वापिस हो, स्मार्ट मीटर योजना रद्द हो तथा किसानों की अन्य मांगे माने जाने की बात भी कही। सम्मेलन में जिला सचिव ने पिछले तीन साल की रिपोर्ट रखी तथा 160 विभिन्न तहसीलों के डैलीगेट में से कई साथियों ने रिपोर्ट पर बहस की व सुझाव दिए। अंत में आगामी तीन वर्ष के लिए नई कमेटी का चुनाव किया गया, जिसमें जिला प्रधान पद पर दोबारा रामफल देशवाल, जिला सचिव पद पर मास्टर जगरोशन व कोषाध्यक्ष पद पर मास्टर उमराव सिंह को चुना गया है।


**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते एक वक्ता।

**चार उप प्रधान तथा चार संयुक्त सचिव चुने**

इसके अलावा चार उप प्रधान तथा चार संयुक्त सचिव चुने गये हैं। अंत में सभा के राज्य महासचिव सुमित दलाल ने सांगठनिक मजबूती के लिए सुझाव देते हुए सम्मेलन की समाप्ति की। सम्मेलन को अन्य संगठनों सीटू के जिला कोषाध्यक्ष कुलदीप बड़वा, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुरजभान जटासरा, जनवादी महिला समिति के जिला प्रधान बिमला घनघस, दलित अधिकार मंच के जिला संयोजक सुखदेव पालवास, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान नरेश शर्मा व कर्मचारी किसान नेता मास्टर शेरसिंह ने भी संबोधित किया।

# लोगों की मानसिकता में बदलाव लाते है लिंगानुपात जैसे कार्यक्रम : ग्रेवाल

*निमड़ीवाली में निकाली लिंगानुपात जागरूकता रैली*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

स्वास्थ्य विभाग ने बेटियों के महत्व को दर्शाते हुए जागरूकता रैली का आयोजन किया है। यह रैली सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर सांडिल्य के आदेशानुसार और डा. अमित ग्रेवाल के मार्गदर्शन में पीएचसी नंदगांव के तहत गांव निमड़ीवाली में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में घटते लिंगानुपात के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। ग्रामीणों को बताया गया कि बेटियों का भी समाज में उतना ही महत्व है जितना बेटों का। विभाग ने कई तरह के नारे भी लगाए, जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ प्रमुख था। डा. अमित ग्रेवाल ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लोगों की मानसिकता को बदलाव लाते है तथा उन्हे यह जागरूक करते है कि बेटियां किसी भी मायने में बेटों से कम नहीं हैं।


**भिवानी।** जागरूकता रैली निकालते हुए।

**यह रहे मौजूद:** इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों से लिंगानुपात में सुधार करने के लिए सहयोग मांगा। कार्यक्रम में ब्लॉक आशा कॉर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार, एएनएम लक्ष्मी और कृष्णा, स्कूल स्टाफ के अलावा, आशा वर्कर्स दीपक, प्रोमिला, और पूनम, तथा आंगनवाड़ी वर्कर्स ने भाग लिया।

### विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने बनाए पर्यावरण संरक्षण व जलवायु परिवर्तन पर मॉडल

**बाढड़ा।** शिक्षा विभाग हरियाणा एवं पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में के लिए आयोजित पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। अशोक कुमार ने बताया कि खंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के 40 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और अपनी वैज्ञानिक सोच एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, अक्षय ऊर्जा के स्रोत तथा प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। विजेताओं को नियम अनुसार पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। निर्णायक मंडल में रेखा कुमारी, योगेंद्र तथा सुदल कुमार शामिल रहे जिन्होंने सभी मॉडल का बारीकी से अवलोकन कर निष्पक्ष निर्णय लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन समवयकों कविता एवं स्वाति द्वारा किया गया। वहीं नोडल अधिकारी के रूप में प्राचार्य हरिकिशन राणा, डीएसएस वीनू, डीएसएस मीनाक्षी, बबीता, कुलदीप उपस्थित रहे।

**ये रहे विजेता**

पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत खंड स्तरीय प्रतियोगिता प्रथम स्थान रितु, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कारी धारणी। द्वितीय स्थान मोनिका, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पिचोपा कलां। तृतीय स्थान नितु, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बेरला । सांत्वना पुरस्कार दीपक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामबास को दिया गया।

### परियोजनाएं निर्धारित समय पर पूरी करवाएं

**चरखी दादरी।** सभी विभागों को अपनी योजनाओं और विकास परियोजनाओं को लेकर एक टीम की तरह काम करना है। कोताही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी। सभी अधिकारी दैनिक आधार पर काम करते हुए फाइलों को निकालना सुनिश्चित करें। बिना अनुमति के कोई भी अधिकारी जिला मुख्यालय ना छोड़े। उपायुक्त डा मुनीष नागपाल बुधवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने जिला के अधिकारियों की बैठक ली और स्पष्ट तौर पर कहा कि उनका काम करने का तरीका अलग है। ऐसे जिस विभाग को काम करना है, वो उस काम को एक ही बार में अच्छी तरह कर दे। किसी भी काम को लंबित रखना या लटकाना उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं है। मेहनत के साथ केवल उत्कृष्ट तौर पर किए गए कार्य ही क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सेवा और स्वच्छता की भावना को सुदृढ़ करें: चोपड़ा

**भिवानी।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय चोपड़ा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला के सभी खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारियों तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के खण्ड समन्वयकों के साथ स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान-2025 को सफल बनाने के लिए सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सेवा और स्वच्छता की भावना को सुदृढ़ करना है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण के अन्तर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक 'सेवा पखवाड़ा' और 'स्वच्छता ही सेवा' 2025 अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जो कि जिला में डीसी साहिल गुप्ता क मार्गदर्शन में मनाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य सामूहिक नागरिक कार्रवाई और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सेवा और स्वच्छता की भावना को सुदृढ़ करना है।

**एक घंटे की स्वैच्छिक सेवा के लिए एकजुट होने का आह्वान**

इस अभियान का एक प्रमुख आकर्षण 25 सितम्बर को आयोजित होने वाली "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" नामक राष्ट्रव्यापी श्रमदान गतिविधि है, जो नागरिकों से स्वच्छता के लिए एक घंटे की स्वैच्छिक सेवा के लिए एकजुट होने का आह्वान करती है। सीईओ ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला के प्रत्येक खण्ड से ऐसे गांव को चिन्हित कर गांव व सरपंचों के नाम व सम्पर्क विवरण की जानकारी लें, जो अपने गांवों को प्लास्टिक मुक्त घोषित करने के इच्छुक है। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी अभियान के दौरान अम्बेडकर भवन, महर्षि वाल्मीकि भवन, संत कबीर दास भवन, रविदास भवन और शहीद स्मारक का प्रबंधन करने वाली संबंधित समितियों के साथ समन्वय स्थापित करने व समय पर सफाई और सफेदी सम्बंधित कार्य सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जिले की स्वच्छता व सफाई व्यवस्था में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायत को जिला व राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

# किसानों के लिए सरकार की घोषित राशि नाकाफी

प्रदर्शन कर सीएम के नाम मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

हरियाणा सरकार द्वारा भारी बारिश व बाढ़ से प्रभावित हुए किसानों और अन्य लोगों के लिए जो सहायता राशि की सरकार ने घोषणा की है, उसे ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने नाकाफ़ी बताते हुए प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी तथा सचिव एडवोकेट बस्तीराम ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत के लिए जो घोषणा की है, वह ऊंट के मुँह में जीरा के समान हैं। उन्होंने कहा कि यह घोषणा पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी, कर्ज से पीड़ित किसानों और मज़दूरों के लिए क्रूर मजाक है। प्राकृतिक आपदा से लोगों की मौत, खेत-खलिहान में जलभराव से बर्बाद फसलें, अगली फसल की नाउमीदी, मकान गिर जाने का तनाव, दुधारू पशु, भेड़ बकरी, मुर्गी आदि की मौत, मकान गिर जाना, कितनी बड़ी चोट लगी है।

**ज्ञापन में ये रखीं मांग**




उन्होंने कहा कि हमारा संगठन इस आपदा से जिन लोगों की मौत हुई है उन्हें कम से कम 50 लाख, ढहे हुए घर के 20 लाख, फसल बर्बादी के 50 हजार, दुधारू पशु के लिए एक लाख, इसी तरह पशु पालकों को तथा अन्य भूमि हीन गरीब परिवारों को, जिन मज़दूरों का काम बंद हो गया,छूट गया, उन्हें भी कम से कम 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। इस मौके पर महेंद्र सिंह कटारिया, फूलचंद, पुरुषोत्तम गोड, महावीर शर्मा, रामकुमार कटारिया, कासिम चौहान, नथूराम धारण, ठंडी राम, कर्मवीर सागवान, वजीर चंद, कृष्ण ढिल्लों दूल्हैड़ी आदि किसान नेता मौजूद थे।

## गोठड़ा में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

# हमारा प्रयास जन-जन तक पहुंचे स्वास्थ्य सेवाएं: घसोला



**चरखी दादरी।** गांव गोठड़ा में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ माइनिंग क्रेशर एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष सोमबीर घसौला द्वारा किया गया। नेत्र जांच के लिए गुरुग्राम से इंदिरा गांधी आई अस्पताल की टीम पहुंची। शिविर में लगभग 756 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। जांच में 32 लोगों की आंखों में गंभीर बीमारी पाए जाने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर सोमबीर घसोला द्वारा अपने निजी वाहन से ही गुरुग्राम आई अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा लगभग 432 लोगों की नजरें कमजोर मिली, जिन्हें मौके पर ही चश्मे व दवा वितरित की गई। प्रधान सोमबीर घसोला ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। अभी भी ग्रामीण तबके में स्वास्थ्य सेवाएं सही ढंग से नहीं पहुंच रही हैं। जिसके कारण काफी लोग अपना उपचार करवाने में असमर्थ होते हैं। ऐसे लोगों को आंखों की रोशनी देना बहुत ही पुण्य का कार्य है। आनंद चेयरमैन, लीलू फौजी उपप्रधान क्रेशर जोन दादरी, सरपंच गोठड़ा (मोटू) सुरेश, सरपंच संतोक पुरा विकास, सरपंच शिव कुमार बलकरा, सतपाल मोड़ी, सुनील नंबरदार, ओमप्रकाश पूर्व सरपंच गोठड़ा, संदीप ठेकेदार, जीटर पूर्व सरपंच घसोला, डा. अभय राम घसोला, परमबीर आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ित फरियाद कक्ष से करवाए जाएंगे जर्जर मकानों के समाधान

हरियाणा जागृति मोर्चा ने तहसील परिसर में हेल्प डेस्क शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

भिवानी व बवानीखेड़ा इलाके में जलभराव से परेशान परिवार लोगों के लिए राहत भरी खबर। जिन लोगों के खेतों में फसल बर्बाद हुई, मकान क्षतिग्रस्त हुए है,उनकी मरम्मत व बर्बाद फसलों के मुआवजें के लिए उसी वक्त तहसीलदार कार्यालय में जमा करवाए जाएंगे। साथ ही मुआवजें से संबंधित सभी समस्याओं का अधिकारियों के साथ मिलकर समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने इसके लिए एक कमेटी का गठन किया है। जिसमें अधिवक्ता रामकिशन काजल, अधिवक्ता अमन सिंधू, कुलदीप, संदीप नोटरी पब्लिक, पार्षद सुभाष नपा बवानीखेड़ा व कर्ण सिंह नम्बरदार को शामिल किया गया है।



**ऐसे करेंगे काम**

ये सभी सदस्य फरियाद कक्ष में बैठकर पीड़ितों की समस्या के कागजात तैयार करवाएंगे और उनके साथ जाकर तहसीलदार के कार्यालय में जमा करवाए जाएंगे। अगर इस दौरान कोई कागजात कम होता है उसको भी यहीं बैठ कर पूरी करवाई जाएगी। ताकि पीड़ितों को सही व समय पर न्याय व उचित मुआवजा मिल पाए। इसके अलावा बवानीखेडा के लोगों की समस्याओं का निरारकण करवाने के लिए नगरपालिका के सचिव व चेयरमैन से भी मुलाकात करवाई जाएगी। हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने बताया कि बारिश व जलभराव से इतनी बड़ी तबाही हुई है। उसके लिए सरकार ने अभी तक आपदा घोषित नहीं किया।

## स्वर्ण पदक विजेता पहलवान रोहित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

# कुश्ती प्रतियोगता में मॉडल संस्कृति स्कूल के रोहित ने जीता स्वर्ण

*यह जीत सिर्फ एक पदक नहीं, कड़ी मेहनत, समर्पण व अनुशासन का परिणाम : घणघस*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के छात्र रोहित ने 58वीं राज्य स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और जिला का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 8 से 10 सितंबर तक पानीपत में आयोजित की गई थी, जिसमें रोहित ने कुश्ती के फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग में 71 किलोग्राम भार वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की। इस शानदार जीत के साथ ही रोहित का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है, जो अगले महीने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में आयोजित होगी। रोहित की इस अभूतपूर्व सफलता पर पूरे स्कूल में खुशी का माहौल है। बुधवार को जब रोहित स्कूल पहुंचे, तो प्रार्थना सभा में उनका भव्य स्वागत किया गया। स्कूल की प्राचार्या सविता घणघस के नेतृत्व में समस्त स्कूल स्टाफ सदस्यों ने स्वर्ण पदक विजेता रोहित को माला-पहनाकर सम्मानित किया और उसकी शानदार जीत पर बधाई दी। प्राचार्या सविता घण्घस ने कहा कि रोहित ने ना केवल विद्यालय, बल्कि अपने परिजनों और क्षेत्रवासियों का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने रोहित के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारे छात्र खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने रोहित के खेल में दिए गए योगदान के लिए शारीरिक शिक्षक सुधीर मलिक डीपीई, प्रवक्ता मदन गोपाल और प्रवक्ता पवन कुमार को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने रोहित को प्रशिक्षण दिया और उसे इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की। प्राचार्या ने कहा कि यह जीत सिर्फ एक पदक नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि रोहित राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करेगा।


**भिवानी।** पदक विजेता को सम्मानित करते हुए।

**मौके पर यह रहे मौजूद**

इस अवसर पर स्कूल के अन्य स्टाफ सदस्य, जिसमें राकेश, रोहित, सुमन पूनिया, सीमा बजाज और सुशीला भोरिय सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने रोहित को उसकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप



### परिवारों को भोजन की व्यवस्था में जुटे चेयरमैन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में बरसाती पानी की चपेट में आए परिवारों के लिए नगर पालिका द्वारा दर्जनों स्थानों पर परिवारों के रहने की व्यवस्था की है वहीं दूसरी और नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री द्वारा बाबा कमाल मंदिर में परिवारों के लिए भोजन बनवाकर उन्हें अग्निशमन केन्द्र भवन, डॉ. हेडग्वार सभागार सहित उनके स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हुए हैं।



### दुष्यंत चौटाला ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**भिवानी।** पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को बवानीखेड़ा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए जलभराव का दौरा किया और सरकार तथा प्रशासन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण ही आज क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मुंढाल, तालु और धनाना गांवों का दौरा किया, जहां उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।





### नपा चेयरमैन ने निकाला पानी की समस्या का हल

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में पानी की समस्या को लेकर शहरवासी नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री से मिले और पानी निकासी बारे गुहार लगाई। दर्जनों महिलाओं व पुरूषों ने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ है कि पानी की निकासी नहीं हो पा रही जिसको लेकर उनके मकानों में दरारें आ गई व पूरी जिंदगी भर की कमाई नष्ट हो गई। सभी ने उन्हें पानी की निकासी के लिए गुहार लगाई। तत्पश्चात नपा प्रधान सुंदर अत्री द्वारा फोरन नपा कर्मचारियों को फोन के माध्यम से पंप की व्यवस्था करते हुए पानी निकलवाने का कार्य किया।

### गायों को तला हुआ भोजन न खिलाए

**चरखी दादरी।** नरसिंह वास निवासी व कक्षा 12वीं की छात्रा ज्योति शर्मा ने सभी से आह्वान किया है कि श्राद्ध पक्ष के दौरान अपने पितरों, बुजुर्गों को याद करते हुए हमें गौ माता, कौओं व अन्य पशु पक्षियों जिन्हें प्रसाद अर्पितम करते है उनकी सेहत को भी ध्यान में रखना होगा। हिंदू धर्म में अपने दिवंगत परिजनों को याद करने व उन्हें श्रद्धाजंली देने के लिए किए जने वाले श्राद्धों के दौरान हम सभी यह ध्यान रखे कि कही पुण्य कमाने के लिए किए गए हमारे कर्म ही हमें पाप का भागी न बना दे।

---

ठा. शंभू सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय की कक्षाएं लगेंगी ऑनलाइन

# विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कस्बा क्षेत्र में लिया पानी निकासी का जायजा

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के चीफ इंजीनियर डॉ. जसवंत सिंह भी पहुंचे बवानीखेड़ा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बुधवार को कस्बे के सामान्य अस्पताल सहित विभिन्न जलभराव से प्रभावित कॉलोनी का दौरा कर पानी निकासी का जायजा लिया। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पानी निकासी के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सामान्य अस्पताल में चिकित्सकों को निर्देश दिए कि कस्बे में जल प्रभाव से प्रभावित आबादी क्षेत्र में नियमित रूप से दवाई का छिडक़ाव किया जाए ताकि नागरिकों का मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हो सके।

उन्होंने सामान्य अस्पताल का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। वहीं दूसरी ओर कस्बा व आसपास क्षेत्र से पानी निकासी प्रबंधों का जायजा लेने के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के चीफ इंजीनियर डॉ. जसवंत सिंह भी बवानीखेड़ा में पहुंचे। उल्लेखनीय है कि अत्यधिक बारिश से हल्का बवानीखेड़ा के दो दर्जन से अधिक विभिन्न गांवों के साथ-साथ कस्बे में विभिन्न बस्ती जलभराव से प्रभावित हो गई। बारिश के साथ ही खेतों की तरफ से कस्बे में खेड़ी दौलतपुर रोड पर नवनिर्मित बाईपास रोड के नीचे की पुलिया से और जमालपुर की तरफ से भुरटाना माइनर से पानी कस्बे में आ गया। इससे जमालपुर रोड की तरफ बस्तियों में, विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के आवास क्षेत्र, बिजली घर क्षेत्र, बस स्टैंड के सामने, नगर पालिका मार्केट, दादी गौरी मंदिर क्षेत्र, वार्ड नंबर 14,15 व 16, बाबा सोमवारी कुटिया क्षेत्र व राजकीय सामान्य अस्पताल जलभराव से प्रभावित हो गया है।





**बवानीखेड़ा।** बारिश के जमा पानी को देखने के लिए कस्बे में जाते विधायक। फोटो : हरिभूमि

### दवाई का छिड़काव करने के निर्देश दिए

बुधवार को विधायक वाल्मीकि ने कस्बे के सामान्य अस्पताल सहित विभिन्न कॉलोनियों व गांवों का दौरा किया। उन्होंने पानी निकासी के प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने नगर पालिका और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पानी की निकासी में तेजी लाई जाए। जलभराव से प्रभावित लोगों को जानमाल की हानि ना हो। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को भलभराव वाले क्षेत्रों में दवाई का छिड़काव करने के निर्देश दिए।

### संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी

उन्होंने कहा कि पानी निकासी में संसाधनों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी पानी निकासी को लेकर गंभीर हैं तथा सभी आला अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। वहीं दूसरी ओर कस्बा व आसपास क्षेत्र से पानी निकासी प्रबंधों का जायजा लेने के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग चीफ इंजीनियर डॉ. जसवंत सिंह भी वबानीखेड़ा में पहुंचे। विधायक ने पानी निकास की विस्तार से जानकारी दी और निकासी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### धीरे-धीरे हो रही है स्थिति सामान्य

विधायक ने कहा कि पानी निकासी नियमित रूप से की जा रही है। ओवरब्रिज के पास पुलिया से पानी के बहाव रोकने के लिए डीसी साहिल गुप्ता द्वारा पुलिस प्रशासन द्वारा ठीकरी पहरा देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि पानी निकासी में एक-दूसरे का सहयोग करें ताकि किसी को भी जलभराव से अधिक नुकसान न हो। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री, जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता सुनील रंगा, एसडीओ जयसिंह, नगर पालिका सचिव संदीप गर्ग, संजय सैनी, मा. राजेश कुमार, देवेंद्र अत्री, विनीत तंवर, मनीष शंकर, बजरंग तंवर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### ऑन लाइन कक्षाएं लगाने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान विधायक श्री वाल्मीकि ने बताया कि विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए कस्बा स्थित स्वतंत्रता सेनानी ठा. शंभू सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं वे छात्राओं की ऑन लाइन कक्षाएं लगाएं। छात्राओं की पढ़ाई नियमित रूप से जारी रखें।

---



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा शहर की मार्किट में बरसाती, सीवरेज, पानी जमा होने पर दुकानदारों से रूबरू होते हुए विधायक कपूर वाल्मीकि।

विधायक ने टीम सहित किया दौरा, कहा

## पानी की एक-एक बूंद निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर करेंगे

> बवानी खेड़ा शहर की मार्किट में कई दिनों से खड़ा है बरसाती पानी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा शहर की मार्किट में पिछले काफी दिनों से बरसाती, सीवरेज, चोए के पानी जमा होने व निकासी न होने को लेकर जहां एक तरफ भिवानी उपायुक्त द्वारा विधायक कपूर वाल्मीकि, चेयरमैन सुंदर अत्री, एसडीएम महेश कुमार, पब्लिक हेल्थ, नपा विभाग के अधिकारियों संग निरीक्षण कर अधिकारियों का निकासी के आदेश दिए थे वहीं बुधवार को हलका विधायक कपूर वाल्मीकि द्वारा नपा प्रधान सुंदर अत्री, सचिव संदीप गर्ग, राकेश वाल्मीकि संग मिलकर मार्किट का जायजा लिया। वीके फोटो स्टेट के पीछे जमा पानी व दुकानों में आए चोए का निरीक्षण करते हुए बताया कि मार्किट की एक-एक बूंद को निकाला जाएगा ताकि नमी न आए। वहीं उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बरसात से हुए क्षति पूर्ति के लिए योजना बनाई है जिसके लिए आवेदन किया जा सकता है। तत्पश्चात उन्होंने नागरिक अस्पताल में पहुंचकर भवन का निरीक्षण किया व स्टाफ से भी जानकारी आदान-प्रदान की। विधायक ने बताया कि पानी निकासी के लिए पूरे प्रबंध किए जा रहे हैं।

### जलभराव इंसान के साथ-साथ पशुओं के लिए भी बनी परेशानी

**भिवानी।** अत्याधिक बारिश के कारण जिला में बने बाढ़ जैसे हालात ना केवल इंसान, बल्कि पशुओं के लिए भी भारी मुसीबत बना हुआ है। जिले में भी यही स्थिति है, जहां बेजुबान जानवर बाढ़ के पानी में फंस गए हैं। ऐसे में गौरक्षा दल भिवानी की टीम इन जानवरों के लिए देवदूत बनकर सामने आई तथा उन्होंने पानी में फंसे बेजुबान जानवरों को बचाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है। बुधवार को गौरक्षा दल भिवानी की टीम ने अपने प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में गांव सागवन में एक बचाव अभियान चलाया। इस गांव में बाढ़ का पानी भर जाने के कारण कई कुत्ते फंस गए थे। इन बेसहारा जानवरों को बचाने के लिए टीम के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर काम किया। पानी का बहाव तेज होने के कारण सडक़ से जानवरों तक पहुंचना मुश्किल था। इसलिए गौरक्षा दल की टीम ने ग्रामीणों की मदद से एक नाव का इंतजाम किया। टीम के सदस्य नाव में बैठकर उस जगह तक पहुंचे, जहां कुत्ते फंसे हुए थे।

---

वैश्य महाविद्यालय में चलाया सफाई सप्ताह अभियान

## महाविद्यालय परिसर की सफाई का विशेष ध्यान रखें विद्यार्थी: गोयल

**भिवानी।** स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में जागरूकता का महत्वपूर्ण योगदान है। स्वच्छता-सेवा अभियान एक ऐसा आंदोलन है जिसका उद्देश्य हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है।विद्यार्थियों को कॉलेज परिसर में सफाई का ध्यान रखना चाहिए यह बात शहरी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वैश्य महाविद्यालय भिवानी में चलाए जा रहे विशेष सफाई सप्ताह अभियान के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कही।





**भिवानी।** कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### स्वच्छता -सेवा अभियान से जुड़े

यदि हम सभी अपने स्तर पर आसपास सफाई का कार्य करेंगे तो हर जगह स्वच्छता दिखाई देगी। आज वैश्य महाविद्यालय भिवानी परिसर में हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान का आयोजन प्राचार्य डॉ संजय गोयल के नेतृत्व एवं अभियान की नोडल अधिकारी डॉ सीमा बंसल की देखरेख में सफाई अभियान चलाया गया। डीन युवा कल्याण प्रो धीरज त्रिखा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता -सेवा अभियान के लिए सभी को एकजुट होना होगा।

### पोस्टर मेकिंग में बाढडा कालेज की अंतिम प्रथम रही

**बाढडा।** कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्य श्री सूबे सिंह की अध्यक्षता में व कार्यक्रम प्रभारी राकेश के नेतृत्व में जिला स्तरीय डे लॉंग बाजार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में छात्राओं ने अलग -अलग विषयों पर विचार व स्पर्धा में सफलता हासिल की। इस संपूर्ण कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोज किया गया जिसमें प्लांट स्टाल, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, पोटरी स्टाल, वर्मी क पोस्ट आदि स्टाल लगाये गए, जिनमें सृजनात्मक तथा पर्यावरण सचेतना का सुंदर संदेश मिला। सामाजिक कार्यकर्ता बबिता द्वारा पर्यावरण विषय पर लेक्चर दिया गया।

---

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

## ऑपरेशन सिंदूर, यातायात नियमों की पालना सहित कई विषयों पर लिखे निबंध

> निबंध लेखन प्रतियोगिता में जिले के 19 विद्यालयों के 300 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**भिवानी।** हरियाणा राज्य भारत स्काउट गाइड की शाखा चंद्रशेखर आजाद ओपन गुरप ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। ग्रुरप के गुरप लीडर सागर सज्जन सिंह के निर्देशानुसार यह प्रतियोगिता 14 सितंबर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी, जिसमें भिवानी जिले के 19 विद्यालयों के 8वीं से 12वीं कक्षा तक के करीब 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



**भिवानी।** आयोजित लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता को लेकर ग्रुप लीडर सागर सज्जन सिंह ने ग्रुरप के सदस्यों को इस प्रतियोगिता के आयोजन के निर्देश दिए थे। जिसके लिए सह ग्रुरप लीडर अमित कुमार, गाईड रेंजर कैप्टन पुष्पा देवी को नोडल अधिकारी बनाया गया। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के ग्रुप लीडर सागर सज्जन सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया और उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के लिए कई महत्वपूर्ण विषय निर्धारित किए गए थे, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर, सडक़ सुरक्षा और यातायात नियमों की पालना, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त हरियाणा, स्वस्थ हरियाणा-विकसित हरियाणा-शिक्षित हरियाणा, शहरी स्वच्छता और ग्रामीण स्वच्छता अभियान शामिल थे।

---

## शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं: डॉ. मंजीत सिंह

> तोशाम के महिला कॉलेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम

**तोशाम।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में बुधवार को सांस्कृतिक समिति की ओर से प्रतिभा खोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उनमें आत्मविश्वास तथा रचनात्मकता का विकास करना रहा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मंजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्राओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास करना भी है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभाओं को पहचानें और उन्हें समाज के सामने प्रस्तुत करने का साहस दिखाएँ। कार्यक्रम का सफल संचालन सांस्कृतिक समिति के संयोजक सुशील ने किया। दिनभर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया।



प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

## जाटु लोहारी के राजकीय स्कूल में मनाया विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस

> छात्रों को आत्महत्या रोकने के प्रति जागरूक किया

**भिवानी।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर बुधवार को गांव जाटु लोहारी स्थित सेठ हरनाम दास राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्राचार्य अशोक शर्मा ने विद्यार्थियों को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के महत्व से अवगत कराया।



**भिवानी।** एकत्रित छात्रों को संबोधित करते हुए।

### बढ़ती प्रतिस्पर्धा से तनाव

राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता समरवीर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और तनाव के कारण मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं आम हो गई हैं, जिसके चलते आत्महत्या जैसे मामले भी बढ़ रहे है तथा उन मामलों को सिर्फ जागरूकता से ही रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी साबित होते हैं, क्योंकि ये उन्हें अपनी भावनाओं को व्यक्त करने और जरूरत पडऩे पर मदद लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। जागरूकता कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

## कराटे खिलाड़ी जतिन का डीएवी विद्यालय में भव्य स्वागत

> इंडोनेशिया में केमेनपोरा री कप योग्याकार्ता ओपन टूर्नामेंट में जीता पदक

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक लेकर लौटे युवा कराटे खिलाड़ी जतिन का डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल कोंट रोड़, भिवानी में पहुंचने पर स्कूल परिसर में प्राचार्या जगदीप कौर ने जतिन को फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जतिन के माता-पिता का भी फूल मालाओं द्वारा स्कूल प्रशासन द्वारा अभिनन्दन किया। स्कूल प्राचार्या जगदीप कौर ने कहा कि भारत के युवा कराटे खिलाड़ी जतिन ने एक स्कूल और देश का नाम रोशन किया है।

### कई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया

इंडोनेशिया के योग्याकार्ता शहर में आयोजित केमेनपोरा री कप योग्याकार्ता ओपन टूर्नामेंट में भाग लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 29 से 31 अगस्त 2025 के बीच अमोंग्रागा स्पोर्ट हॉल में आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जतिन ने पुरुष कैडेट कुमाइट -52 किग्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए आयोजकों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खेल संस्थानों द्वारा उनका अभिनंदन किया गया।

---

सैकड़ों विद्यार्थियों ने लेखनी से दिया स्वच्छ हिन्दी स्वच्छ भारत का संदेश

## 251 छात्रों ने राष्ट्र भाषा हिन्दी को दिया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राष्ट्र भाषा हिंदी को समर्पित 'हिन्दी दिवस महोत्सव' के उपलक्ष्य में भिवानी की नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा एक विशेष निबंध, सुलेख और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति निदेशक सावित्री यादव ने किया। इस प्रतियोगिता में भिवानी जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए 251 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता और राष्ट्रभाषा के प्रति समर्पण का परिचय दिया।



**भिवानी।** प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### 31 विचारणीय बिंदुओं पर प्रतिभागियों ने विचार प्रस्तुत किए

प्रतियोगिता में स्वच्छ हिन्दी - स्वच्छ भारत , हिंदी हमारी शान है हिंदी है भारत की पहचान , मातृभाषा का मान बढ़ाओ हिंदी बोले भारत बोले शुद्ध लेखन, सुंदर अभिव्यक्ति , धरती का श्रृंगार स्वच्छ और हरा संसार , जल है तो कल है , अनेकता में एकता यही हिंदी की विशेषता जैसे कुल 31 विचारणीय बिंदुओं पर प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने स्लोगनों और रचनाओं के माध्यम से हिंदी के सम्मान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन, स्वच्छता, सामाजिक समरसता, बाढ़ भूकंप आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति जैसे विषयों पर भी जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार भारद्वाज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, "हिंदी न केवल हमारी भाषा है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, भावनाओं और एकता की पहचान है।

---

**बैठक** जलभराव से प्रभावित गांवों में भविष्य के मद्देनजर फिरनी के तौर पर बनाए जाएंगे रिंग बांध

> सांसद ने विभागों के अधिकारियों के साथ पानी निकासी की समीक्षा

## जलभराव से अत्यधिक प्रभावित गांवों में मुहैया करवाई जाएंगी जेसीबी मशीन: धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ.धर्मबीर सिंह ने लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में डीसी साहिल गुप्ता व अन्य जिलाधिकारियों के साथ जिला के विभिन्न गांवों में जलभराव और पानी निकासी कार्यों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जलभराव से सबसे अधिक प्रभावित गावों में एक-एक जेसीबी मशीन मुहैया करवाई जाए ताकि वहां पर पानी निकासी में ग्रामीणों को बांध बनाने या तालाबों की खुदाई कार्य आदि में सुविधा हो सके। इसके लिए जल्द से जल्द टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी की जाए। सांसद चौ.धर्मबीर सिंह ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाया जाए। सांसद ने सिंचाई, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को बारिश के पानी को निकालने के बड़े तालाब या टैंक आदि खुदवाने के निर्देश दिए।



**भिवानी।** अधिकारियों की आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते सांसद धर्मबीर सिंह।

### रिकार्ड बारिश हुई

वर्ष 1995 के बाद अब करीब 30 साल बाद इतनी अत्यधिक बारिश हुई है, यह सब जलवायु और मानसून की दिशा परिवर्तन का कारण है। उन्होंने कहा कि करीब दो दर्जन से अधिक गांव ऐसे हैं, जहां पर जलभराव से अत्यधिक प्रभावित हैं। सांसद ने कहा कि भविष्य के मद्देनजर जलभराव वाले इन गांवों में योजना बनाकर फिरनी के तौर पर ही विभिन्न वित योजनाओं के माध्यम से रिंग बांध बनाने का कार्य करवाया जाएगा।

### स्वच्छ पानी मुहैया करवाएं

स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जैसे-जैसे बारिश के पानी की निकासी होती जाएगी, वैसे-वैसे बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ता जाएगा, ऐसे में अभी से ऐतिहासिक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि नागरिकों का बीमारियों से बचाव जरूरी है। इसके साथ ही सांसद ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि नागरिकों को पीने के लिए स्वच्छ पानी मुहैया करवाया जाए। जलघरों में बारिश का पानी न जाने दिया जाए।